चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/8519
दिनांक : 01-2-2024

विज्ञप्ति

मुख्य परीक्षा–2023 की बैक पेपर परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जा चुकी हैं। तथापि छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र/छात्रायें जो केवल मुख्य परीक्षा–2023 की बैक पेपर परीक्षा के परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं, को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए बैक पेपर परीक्षा–2023 का परीक्षा फार्म आगामी आयोजित मुख्य परीक्षा–2024 के साथ भरते हुए परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

छात्र/छात्राओं को किसी भी दशा में री–बैक की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। अर्थात् जो छात्र/छात्रायें पूर्व में बैक पेपर परीक्षा–2023 में किसी भी विषय कोड (एक या अधिक) की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं, वे पुनः बैक पेपर परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होंगे तथा ऐसे परीक्षार्थियों का परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

सन्दर्भित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन भरवाये जाने की तिथियाँ निम्नवत् हैं :–

01.	छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि	**02.02.2024** से
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**10.02.2024** तक
03.	विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय/संस्थान में छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि	**12.02.2024** तक
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**13.02.2024** तक

नोट :– **1. मुख्य परीक्षा–2023 से पूर्व वर्षों में सम्मिलित अभ्यर्थी किसी भी दशा में मुख्य परीक्षा–2024 के साथ बैक पेपर परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होंगे।**

2. श्रेणी सुधार एवं एकल विषय परीक्षा के अभ्यर्थी बैक पेपर परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह/अनुमन्य नहीं होंगे।

01/02/2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक अकादमिक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

01/02

उप कुलसचिव (परीक्षा)